एक नजर में

## साजिद लोदी भारतीय टीम के कोच नियुक्त

इंदौर. शहर के अंतरराष्ट्रीय कोच साजिद लोदी के मार्गदर्शन में भारतीय टेनिस टीम दुनियभर के देशों से टक्कर लेगी. अखिल भारतीय टेनिस संघ ने साजिद लोदी को आईटीएफ वर्ल्ड जूनियर टेनिस 2026 एशिया/ओशिनिया फाइनल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का गैर खिलाड़ी कप्तान और कोच नियुक्त किया है। इस टूर्नामेंट में चीन, पाकिस्तान जैसे देशों से भारत का सामना होगा. अखिल भारतीय टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर ने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग का यह टूर्नामेंट 28 अप्रैल से 3 मई तक मलेशिया के शहर कुचिंग में आयोजित होगा. स्पर्धा के मुकाबले सारावाक लॉन टेनिस एसोसिएशन सेंटर के हार्ड कोर्ट पर खेले जाएंगे।



आईटीएफ जूनियर कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण टूनामेंट है. यह एशिया/ओशिनिया क्षेत्र के देशों के लिए अंतिम क्वालीफाइंग इवेंट है. इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर टीमें आईटीएफ विश्व जूनियर टेनिस फाइनल्स में स्थान बनाएंगी. यह टूर्नामेंट भी इसी वर्ष 3 से 8 अगस्त तक चेक गणराज्य के शहर प्रोस्टेजॉव में खेला जाएगा. साजिद देश के श्रेष्ठ प्रशिक्षकों में शुमार हैं और उनके मार्गदर्शन में भारतीय टीम पहले भी कई सफलताएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हासिल कर चुकी हैं. साजिद लोदी ने अपने चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हर खिलाड़ी और कोच का सपना होता है। मुझे खुशी है कि अखिल भारतीय टेनिस संघ ने इस जिम्मेदारी के लिए मुझपर भरोसा जताया। हम बेहतर योजना के साथ कोर्ट में उतरेंगे।

## धरणीधर पार्श्वनाथ जिनालय में ध्वजामहोत्सव



इन्दौर. भक्ति, शक्ति और समर्पण का संगम शुक्रवार को हाईलिंक सिटी स्थित पार्श्व कल्पतरु धाम में देखने को मिला. अवसर था श्री धरणीधर पार्श्वनाथ जिनालय के 12वें वर्षगांठ (ध्वजा महोत्सव) का, जिसे पूरे उल्लास और धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाया गया. मातृ हृदय अमित गुणा श्रीजी महाराज साहब की पावन प्रेरणा से आयोजित इस महोत्सव में इंदौर के श्वेतांबर जैन समाज ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई. मंदिर के अध्यक्ष पुंडरीक पालरेचा ने बताया कि अभिषेक सुबह 6.45 बजे मूलनायक भगवान श्री धरणीधर पार्श्वनाथ दादा का भव्य दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक किया गया. इसके पश्चात विद्वान पंडितों के सानिध्य में सत्तरभेदी पूजन संपन्न हुआ. श्रद्धालुओं ने केसर, सुगंधित पुष्प, ब्रास और मुकुट पूजा के माध्यम से प्रभु के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की। मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों की स्वर लहरियों से पूरा परिसर धर्ममय हो गया. आयोजन का सबसे मुख्य और गौरवशाली क्षण शिखर ध्वजारोहण रहा. सुबह 8 बजे ढोल-धमाकों और गाजे-बाजे के साथ मंदिर के शिखर पर नई धर्मध्वजा फहराई गई. जैसे ही ध्वजा शिखर पर लहराई, पूरा परिसर %पार्श्वनाथ भगवान की जय के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा. धार्मिक अनुष्ठानों के समापन के पश्चात सभी के लिए नवकारसी का आयोजन हुआ. इस पावन प्रसंग पर समाज के अनेक गणमान्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. मुख्य रूप से विजय मेहता, मनीष सुराणा, संजय मोगरा, शांतु पालरेचा, दीपेश-मोना कोठारी, अरविंद डोसी, सिद्धांत जैन, अर्पित मारू सहित बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए।

## ईसीसी माहेश्वरी की टीम बनी चैम्पियन



इंदौर. माहेश्वरी मीत एवं सह-आयोजक बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में मध्य प्रदेश में पहली बार आयोजित इंदौर माहेश्वरी लेदर चैंपियनशिप (आईएमएलसी) सीजन-1 का समापन हुआ. खिताबी मुकाबले में ईसीसी माहेश्वरी ने एक बेहद रोमांचक और कशमकश भरे मैच में सोनी सुपर किंग्स को हराकर प्रथम सीजन की ट्रॉफी अपने नाम की. आयोजन समिति के नीरज जाखेटिया, निशित बियानी, अम्बर माहेश्वरी, आदित्य माहेश्वरी और मंगलेश राठी ने बताया कि इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव देने के लिए आईपीएल की तर्ज पर ऑक्शन प्रोसेस अपनाया गया था। इसके लिए देशभर से 18 से 50 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया था, जिन्हें चार टीमों ने बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया. प्रतियोगिता के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कारों से नवाजा गया. मध्य प्रदेश में पहली बार आयोजित इस लेदर बॉल चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं और वरिष्ठ खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना था.

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



इंदौर. इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स (सेशन 2) में इंदौर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया है. नारायणा कोचिंग सेंटर इंदौर से कुल 68 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है. परिणामों के बाद संस्थान में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया. इस सफलता की खासियत यह रही कि सफल विद्यार्थियों में से 9 छात्रों ने 99 से अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. नारायणा इंदौर ब्रांच के डायरेक्टर्स देवेंद्र वर्मा और अक्षय मालवीय ने कहा कि यह सफलता केवल परिणाम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है.

## विधायक हार्डिया ने सड़क निर्माण के लिए राशि दी

इंदौर. गुलाबबाग कॉलोनी एवं क्षेत्र के रहवासियों ने मिलकर विधायक महेंद्र हार्डियाजी एवं पार्षद बालमुकुंदजी सोनी को जर्जर सर्विस रोड़ की अति शीघ्र मरम्मत के हेतु ज्ञापन दिया. बॉम्बे हॉस्पिटल से अनुराग नगर, बसंत बिहार स्कीम 94, 114 एवं गुलाबबाग आदि कॉलोनियों को जोड़ने वाली सर्विस रोड़ जो पिछले वर्ष ड्रेनेज़ लाईन बदलने के लिये खोदी गई थीं, उसकी आज तक मरम्मत नहीं की गई, न बनाई गई. इसकी वजह से रहवासी आये दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहें हैं. मरीजों को हॉस्पिटल तक ले जाना मुश्किल हो रहा हैं. विधायक हार्डिया ने रहवासियों के निवेदन करने पर खुदी पड़ी टूटी हुई सड़क का निरीक्षण कर संज्ञान में लेकर नयी सड़क के निर्माण हेतु विधायक निधि से आधी राशि देने की घोषणा की. सभी रहवासियों ने विधायक का आभार माना. उक्त जानकारी गुलाबबाग कॉलोनी सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष सुभाष केपी श्रीवास्तव द्वारा दी गई.



# एमआईसी सदस्य और पार्षद रहेंगे फील्ड में

- महापौर ने ली स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर बैठक
- निर्धारित मापदंड अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



इंदौर. आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा निगम के समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों, सीएसआई एवं संबंधित अधिकारियों के साथ सिटी बस ऑफिस में बैठक आयोजित की गई. बैठक में स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल, अपर आयुक्त प्रखर सिंह सहित समस्त स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

बैठक के दौरान महापौर ने स्वच्छ सर्वेक्षण की गाइडलाइन के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की. उन्होंने निर्देशित किया कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सभी जोन एवं वार्ड स्तर पर अधिकारी प्रात:कालीन समय में फील्ड में उपस्थित रहकर सफाई व्यवस्था का सतत निरीक्षण करें. सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होना सुनिश्चित करें. महापौर ने स्वच्छता के विभिन्न मानकों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में भी निर्धारित स्वच्छता मापदंडों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं. उन्होंने बताया कि इंदौर के स्वच्छता अभियान में शहर के जागरूक नागरिकों के साथ-साथ निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है. उन्होंने आगे कहा कि आगामी दिनों में वे स्वयं महापौर परिषद सदस्यों एवं पार्षदों के साथ फील्ड में उपस्थित रहकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करेंगे तथा निरंतर जोन एवं वार्ड क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे.

### मच्छरों की रोकथाम के लिए अभियान चलाएं

स्वच्छता अभियान को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए 26 अप्रैल को शहर के समस्त हॉस्टल एसोसिएशन के साथ स्वच्छता के मापदंड एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी. इसके अतिरिक्त शहर में मच्छरों की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए. महापौर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समन्वय के साथ कार्य करते हुए इंदौर को पुन: देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाए रखने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें.



# पुलिसिंग सुधारने निरीक्षकों-उप निरीक्षकों की विशेष कार्यशाला

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर की पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी व जनोन्मुखी बनाने के लिए शुक्रवार को उप निरीक्षकों व निरीक्षकों की एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई. पुलिस कमिश्नर की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यशाला में थानों की कार्यप्रणाली सुधारने और दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया. कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह, सभी जोन के डीसीपी, एडिशनल डीसीपी व अन्य अधिकारियों ने भाग लिया और थानों की रोजमर्रा की कार्रवाई, जांच प्रक्रिया व कानून-व्यवस्था से जुड़े विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया. अधिकारियों को बेहतर पुलिसिंग के लिए व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन किया. इस दौरान पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि थानों में आने वाले हर फरियादी की गंभीरता से सुनवाई हो और शिकायतों को लंबित न रखा जाए.

# राजस्व वसूली कार्य प्रोफेशनली और समय-सीमा में पूर्ण करें

- आयुक्त द्वारा राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

इंदौर. निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 को दृष्टिगत रखते हुए निगम के राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु सिटी बस ऑफिस में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री शृंगार श्रीवास्तव, उपायुक्त डॉ. केशव सगर, श्री प्रदीप जैन सहित समस्त सहायक राजस्व अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान आयुक्त श्री सिंघल ने शहर विकास में राजस्व विभाग की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य प्रोफेशनल तरीके से एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं. उन्होंने समस्त सहायक राजस्व अधिकारियों एवं बिल कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रात: अपने-अपने जोन एवं वार्ड क्षेत्रों में फील्ड पर उपस्थित होकर राजस्व वसूली से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें, जिससे निगम की आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सके. आयुक्त ने समीक्षा के दौरान पाया कि विगत वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली के अनुपात में संपत्तियों की रसीदें अपेक्षाकृत कम कटी हैं. इस पर उन्होंने निर्देश दिए कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के साथ-साथ अधिक से अधिक संपत्ति कर रसीदें जारी करना सुनिश्चित किया जाए. आयुक्त ने सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 31 मई तक समस्त बिलों का वितरण अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए. इसके साथ ही उन्होंने बेसिक संपत्ति सर्वे करने के भी निर्देश दिए, जिसमें मौके पर जाकर संपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया जाए तथा निगम रिकॉर्ड से मिलान किया जाए। सर्वे के दौरान करदाता का मोबाइल नंबर, संपत्ति का उपयोग (आवासीय/व्यावसायिक) एवं अन्य आवश्यक जानकारी को अद्यतन करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए.

# उद्यान में ट्रीटेड पानी का उपयोग करें : आयुक्त

- निगमायुक्त द्वारा झोन 7 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण
- जल स्रोत की निरन्तर साफ सफाई रखरखाव के निर्देश



**इंदौर. नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा शुक्रवार को झोन क्रमांक 7 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया गया. इस दौरान अपर आयुक्त अर्थ जैन, झोन नियंत्रणकर्ता अधिकारी टीना सिसौदिया, झोनल अधिकारी सुनील जादौन, स्वास्थ्य अधिकारी मनोहर गौसर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.**

निरीक्षण के दौरान आयुक्त सिंघल ने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए झोन क्रमांक 7 के वार्ड क्रमांक 29, 32, 34 एवं अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने वाटर बॉडी, बस स्टॉप, सार्वजनिक शौचालय, उद्यान, बाजार क्षेत्र सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए. आयुक्त ने स्कीम नंबर 54 में व्यावसायिक बाजार क्षेत्र, विजयनगर चौराहा, वार्ड क्रमांक 34 में स्कीम नंबर 114 में स्थित शहीद भगत सिंह उद्यान, रानी लक्ष्मी बाई उद्यान, महाराणा प्रताप उद्यान, ग्लोबल गार्डन, विभिन्न टूरिस्ट प्लेस, कालका माता मंदिर, आनंद मोहन माथुर सभागृह, सीटीपीटी, कुएं-बावड़ी सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित स्थानों पर साफ-सफाई, हरियाली, प्रकाश व्यवस्था, डस्टबिन की उपलब्धता, शौचालयों की स्वच्छता एवं रखरखाव की स्थिति का अवलोकन किया. आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान उद्यानों में हरियाली बनाए रखने, सिंचाई के लिए ट्रीटेड पानी का उपयोग करने तथा इस हेतु आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए. जलस्त्रोतों को सहजने के क्रम में वार्ड के कुएं बावड़ी का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान हुए जलस्त्रोतों की निरंतर साफ सफाई एवं रखरखाव करने के भी निर्देश दिए.

### गाइडलाइन के अनुरूप व्यवस्थाएं करें

आयुक्त श्री सिंघल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण की गाइडलाइन के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो. उन्होंने विशेष रूप से सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने, कचरा प्रबंधन को प्रभावी बनाने एवं जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया.



# 11 युगलों ने आठवां फेरा लिया छायादार पौधे रोपने का

- विश्व ब्राह्मण समाज संघ की मेजबानी में सामूहिक विवाह

**इंदौर, विश्व ब्राह्मण समाज संघ की मेजबानी में छोटा बांगड़दा, एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर 11 युगलों ने शंख और शहनाई की मंगल ध्वनि के बीच परंपरागत 7 फेरे तो लिए ही, 8वां फेरा ग्रीष्मकाल में मूक परिंदों के लिए अपने घर-आंगन में दाना-पानी रखने और वर्षाकाल में फलदार और छायादार पौधे लगाने के संकल्प का भी लिया.**

म.प्र. ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, खजराना गणेश मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट, रणजीत हनुमान मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास एवं हंसदास मठ के महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज सहित अनेक विशिष्ट मेहमानों के सानिध्य में यह अनूठा विवाह पूरे उत्साह के साथ घरातियों और बरातियों संग नाचते-गाते हुए सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मलीन रमेशचंद्र अग्रवाल की स्मृति में यह लगातार तीसरा दिव्य आयोजन हुआ, जिसमें नवयुगलों को अनेक उपहारों सहित शहर के अनेक विशिष्टजनों ने बिदा किया. आयोजन समिति के प्रमुख एवं विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत, स्वागताध्यक्ष जगदीश गोयल बाबाश्री, प्रमुख संयोजक राजेश गर्ग, संदीप गोयल ऑटो, शिव जिंदल, संयोजक राजकुमार बंसल एवं विनोद गोयल ने बताया कि दुबई से आए उद्योगपति चंद्रशेखर भाटिया मुख्य अतिथि थे जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसा सामूहिक विवाह पहली बार देखा, जहाँ बिलकुल घर जैसी शादी हुई है.

### परिसर में निकाली शोभायात्रा

इसके पूर्व सुबह सभी 11 युगलों की बैंड-बाजों सहित घोड़ियों पर और दुल्हानियों की बग्घियों में शोभायात्रा बाबाश्री परिसर में ही निकाली गई ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो. समारोह का शुभारंभ सुबह मंत्रोच्चार के बीच गणेश पूजन के साथ हुआ। 11 युगलों के लिए 11 विद्वान आचार्यों ने विधि विधान से विवाह की सभी रस्में सम्पन्न कराई. समारोह में शामिल सभी मेहमानों की पहली प्रतिक्रिया यही थी कि सामूहिक विवाह की सभी व्यवस्थाएं घर जैसी शादी की तरह की गई है. सभी युगलों को मेहमानों ने गृहस्थी चलाने योग्य ढेरों उपहारों सहित बिदाई दी।



## शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर पर छह दिवसीय ध्वजारोहण महोत्सव 3 मई से

इंदौर. द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर का 25वां ध्वजारोहण महोत्सव वर्धमान तपोनिधि प्रियदर्शन विजय, पंयास प्रवर योगरुचि विजय एवं नंदिरूचि विजय आदिठाणा की पावन निश्रा में 3 मई से प्रारम्भ होगा, जिसके लिए पत्रिका मुहूर्त लेखन की रस्म मंदिर परिसर में सौल्लास सम्पन्न हुई. छ: दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ 3 मई को गुरुदेव के भव्य मंगल प्रवेश सामैया और मंदिर प्रवेश एवं धर्मसभा के साथ होगा. मंगल प्रवेश जुलूस सेठी गेट सुदामा नगर से प्रारम्भ होगा.

मंदिर के ध्वजारोहण की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 8 मई तक विभिन्न कार्यक्रम एवं अनुष्ठान आयोजित होंगे. शुक्रवार को मंदिर परिसर में पत्रिका मुहूर्त लेखन की रस्म सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्ष संजय नाहर ने सकल श्रीसंघ को न्यौता दिया। इस मौके पर दिनेश ढींग, सतीश जैन, अमृत मूणत, विनोद कोठारी, अजय लुणावत, वीरमणि युवामित्र मंडल, शीतलनाथ महिला मंडल, सामायिक मंडल, श्रीसंघ एवं ध्वजा महोत्सव के लाभार्थी परिवारों के सदस्य भी उपस्थित थे. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा एवं सचिव चेतन भंडारी ने बताया कि 3 मई को मंगल प्रवेश जुलूस के साथ शुभारंभ होगा. महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम 8 मई को गुरुदेव की पावन निश्रा में सुबह विधिकर्ता आशीष जैन (जावरा) के निर्देशन में स्नात्र पूजन के बाद ध्वजारोहण विधि प्रारंभ होगी। इस दौरान 70 वेदी पूजन ध्वजा वरघोडा और मंदिरजी के शिखर पर 25वां ध्वजारोहण होगा.

# मुआवजा गुणांक दो की घोषणा का किसान नेताओं ने किया स्वागत

- भूमि अधिग्रहण : सभी प्रभावित परियोजनाओं में लागू करने की मांग भी उठाई

**इंदौर. प्रदेश सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण कानून के तहत मुआवजा गुणांक दो करने की घोषणा पर किसान संगठनों ने स्वागत तो किया है, लेकिन साथ ही इसे सभी प्रभावित परियोजनाओं में लागू करने की मांग भी उठाई है. किसान नेताओं ने कहा है कि जब तक इसका पूर्ण क्रियान्वयन नहीं होता, तब तक इसे अधूरा निर्णय माना जाएगा.**

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने कहा कि वर्ष 2014 में लागू भूमि अधिग्रहण कानून के बाद से जितने भी प्रोजेक्ट में किसानों की जमीन अधिग्रहित हुई है, उन सभी को गुणांक दो का लाभ मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि सरकार को यह निर्णय बहुत पहले लेना चाहिए था, यह किसानों के लंबे संघर्ष का परिणाम है. किसान संगठनों ने कहा कि मध्य प्रदेश में अब तक प्रभावित किसानों को गाइडलाइन आधारित मुआवजा दिया जा रहा था,

जबकि अन्य राज्यों में पहले से अधिक मुआवजा दिया जा रहा है. संगठनों ने यह भी मांग रखी कि जिन परियोजनाओं में पहले अधिग्रहण हो चुका है, वहां भी गुणांक दो लागू किया जाए. साथ ही उद्योगों को मिलने वाली सुविधाओं की तरह प्रभावित किसानों को भी राहत दी जाए. इसमें रजिस्ट्री शुल्क माफी, बैंक कर्ज माफी और पेंशन सुविधा जैसी मांगें शामिल हैं. किसानों ने सरकार से स्पष्ट नीति जारी करने की मांग की है, ताकि मुआवजे को लेकर किसी प्रकार का असमंजस न रहे और सभी प्रभावित किसानों को एक समान लाभ मिल सके.

एक नजर में — अभ्यास मंडल द्वारा युवाओं के लिए गोष्ठी

# युवाओं को रील बनाने की बजाय जिम्मेदारी समझना चाहिए

**इंदौर. आज का युवा भटक रहा है, नेतृत्वहीन है ये नकारात्मक विचार पूर्णतया तथ्यहीन है, भ्रामक है. सच्चाई यह है कि जब युवा बोलता है तब भारत बोलता है. जरुरत है कर्तव्य बोध की.**




कुछ इस प्रकार के ओजपूर्ण विचार आज अभ्यास मण्डल द्वारा प्रेस क्लब में युवाओं के लिए आयोजित विचार गोष्ठी में सुनने के लिए मिले जिसका विषय था 'युवा नेतृत्व-सामाजिक सरोकार' कार्यक्रम का संचालन कर रहे कुणाल भंवर ने स्वागत उद्बोधन दिया. इसके पश्चात मनीष भालेराव ने विषय प्रवर्तन करते हुए युवा व समाज तथा सरोकार की परिभाषाएं बताई और कहा कि समाज के साथ जुड़ना ही सरोकार है.

इस अवसर पर सिर्फ युवाओं ने अपने विचार व्यक्त किए. ब्रजेन्द्र धाकड़ ने कहा कि आज का युवा विवेकानन्द, सुखदेव, खुशीराम बोस की तरह आगे नहीं आ रहा है. आवश्यकता है उन्हें सही दिशा देने की. सोनाली कनाडे ने कहा कि युवाओं को रील बनाने की बजाय अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए. परिवार से ही अनुशासन शुरु हो. भवानी आर्य का कहना रहा कि दिशा-विहीन युवाओं को अपनी सही राह स्वयं बनाना चाहिए. सौरभ गोसर ने कहा कि शहर के विकास में अपनी सोच व सहभागिता करनी चाहिए. आकाश यादव ने कहा कि राजनीति व प्रशासन में धनबल व बाहुबल को रोकने में युवा अपनी शक्ति लगाएं. लक्ष्मी नन्दिनी ने माता-पिता के नेतृत्व के साथ संस्कारों पर चर्चा की. हर्षदीप ने कहा कि इंटरनेट-सोशल मीडिया विकास में सहायक है पर युवाओं को इनका सही उपयोग करना चाहिए. यश जायसवाल कुछ नया कर गुजरने की इच्छा का नाम ही युवा है, बताया.

### जाति, धर्म की बात नहीं करना चाहिए

युवा रजनीश ने कहा कि विघ्नों को गले लगाना व कांटों में राह बनाना ही युवाओं की पहचान है. प्रीतेश पटेल ने कहा कि युवाओं को विकास के पथ पर चलने के लिए जाति धर्म की बात नहीं करनी चाहिए. आज की गोष्ठी की विशेषता रही कि सभी युवाओं ने अपने मूल विचार रखें. आभार श्री स्वप्निल व्यास ने व्यक्त किया. इस अवसर पर अभ्यास मण्डल की माला ठाकुर ने प्रस्तावना व ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला 16 से 21 मई का विवरण दिया। अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता व प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द तिवारी ने भी विचार रखें व युवाओं की सहभागिता पर जोर दिया. कार्यक्रम में वैशाली खरे, हरेराम वाजपेयी, मुरली खण्डेलवाल, शफी शेख डॉ. एस.एल. गर्ग, श्री शाम पाण्डेय, मुकेश तिवारी, अर्पण जैन, एन.के. उपाध्याय व अनेक सुधीजन उपस्थित थे.